# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 17 जून 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



GET IT ON Google Play

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. हाल ही में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजस्थान के किस जिले में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा?**

(a) उदयपुर
(b) जोधपुर
(c) जयपुर
(d) इनमें से कोई नही

♦11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21जून) के अवसर पर जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

♦प्रदेश में जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राजकीय एवं निजी विद्यालयों, सार्वजनिक उद्यानों और सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं सहित लगभग 65 हजार स्थानों पर एक करोड़ लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया हैं।

♦योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का केंद्र सरकार के योग संगम पोर्टल पर और राज्य सरकार के पोर्टल पर पंजीयन किया जाएगा।

**01. हाल ही में राजस्थान के जयपुर में सोलर एंड स्टोरेज कॉन्फेक्स 2025 का आयोजन कब किया जाएगा?**

(A) 20 जून

(B) 25 जून

(C) 22 जून

(D) इनमें से कोई नही

SOLAR & STORAGE CONFEX | 2025 RAJASTHAN

**Important Facts:**

♦ सोलर एंड स्टोरेज कॉन्फेक्स 2025 का आयोजन 20 जून को द ललित जयपुर में किया जाएगा।

♦ इस सम्मेलन में प्रमुख सरकारी अधिकारियों सहित सौर ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण क्षेत्र के अग्रणी उद्योग प्रतिनिधि भाग लेंगे।

♦यह सम्मेलन राज्य की ऊर्जा विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। आयोजन का नेतृत्व सोलर क्वार्टर की ओर से किया जा रहा है।

## 02. हाल ही में 16 जून को राजस्थान के किस जिले में राज्य स्तरीय स्नूकर लीग शुरू हुई?

(a) जोधपुर

(b) जयपुर

(c) अजमेर

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦जोधपुर में 16 जून को उम्मेद भवन पैलेस में विश्व की सबसे पुरानी बिलियर्ड्स स्नूकर टेबल में एक “बड़ा बापजी  राज्य स्तरीय स्नूकर लीग शुरू हुई। इसका उद्घाटन पूर्व नरेश गजसिंह ने किया।

♦इस राज्य स्तरीय लीग में जोधपुर के अलावा राजस्थान के विभिन्न जिलों के राष्ट्रीय स्तर पर खेल का प्रदर्शन कर चुके खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे है।

♦ यह लीग राज मारवाड़ खेल महोत्सव और राजस्थान बिलियर्ड्स स्नूकर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में खेली जा रही है

03. राजस्थान के किस जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तहत खनिजों की खोज के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स व मशीन लर्निंग तकनीक का इस्तेमाल होगा?

(A) भीलवाड़ा

(B) भरतपुर

(C) चित्तोड़गढ़

(D) उपरोक्त सभी

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान में खनिजों की खोज के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स व मशीन लर्निंग तकनीक का भी सहयोग लिया जाएगा।

♦पायलट प्रोजेक्ट के तहत भीलवाड़ा और भरतपुर के साथ ही चित्तोड़गढ़ के कुछ स्थानों पर एआई के माध्यम से क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक खनिज संभावित क्षेत्रों को चिन्हित किया जाएगा।

♦खनिज क्षेत्र में नवाचार के तहत एआई के उपयोग का निर्णय लिया गया है और इसके लिए राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट आरएसएमईटी द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा नोटिफाइड प्राइवेट एक्सप्लोरेशन एजेंसी के साथ काम शुरु किया जाएगा।

04. राजस्थान के किस विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा A+ ग्रेड प्रदान किया गया है?

(a) महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

(b) मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर

(c) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦जयपुर स्थित राजस्थान विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा A+ ग्रेड प्रदान किया गया है।

♦नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (NAAC) भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था है, जो उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन और मान्यता प्रदान करती है। यह ग्रेडिंग प्रणाली शैक्षणिक, प्रशासनिक, अनुसंधान, नवाचार, छात्रों के लिए सुविधाएं और समग्र गुणवत्ता जैसे कई मापदंडों के आधार पर तय की जाती है।

♦"राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की कुलगुरु प्रोफेसर अल्पना कटेजा

**05. केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान में 1000 किलोमीटर से अधिक लंबाई की 40 सड़क परियोजनाओं के लिए कितने करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं?**

(A) 869 करोड़ रुपये

(B) 1914 करोड़ रुपये

(C) 2214 करोड़ रुपये

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥राजस्थान में 1000 किलोमीटर से अधिक लंबाई की 40 सड़क परियोजनाओं के लिए 1914 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को इसकी जानकारी दी।

♦केंद्रीय सड़क अवसंरचना कोष के तहत राजस्थान में कुल 1000.90 किलोमीटर लंबाई की 40 राज्य सड़क परियोजनाओं के लिए 1914.71 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

♦ इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से 31 प्रमुख जिला सड़कों, 8 राज्य राजमार्गों और 1 अन्य जिला सड़कों के खंडों का सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण शामिल

**06.हाल ही में टाइप-1 डायबिटीज देखभाल के लिए देश के पहले समर्पित कार्यक्रम मिशन मधुहारी की शुरूआत पूरे प्रदेश में कब की गई है**

(A) 3 अप्रैल 2025

(B) 5 अप्रैल 2025

(C) 7 अप्रैल 2025

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦टाइप-1 डायबिटीज देखभाल के लिए देश के पहले समर्पित कार्यक्रम की शुरूआत राजस्थान में की गई

♦राज्य सरकार ने टाइप-1 डायबिटीज़ देखभाल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भारत के पहले समर्पित कार्यक्रम मिशन मधुहारी को शुरू किया है।

♦ पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत जयपुर, नागौर, उदयपुर और जोधपुर के 12 जिला और उप जिला अस्पतालों से की गई।

♦ अब 7 अप्रैल से प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध रूप से ये प्रारंभ की जा रही है।

07.राजस्थान में हरित अरावली विकास परियोजना के लिए कितनी राशि की घोषणा की गई है

(a) 250 करोड़ रुपये

(b) 100 करोड़ रुपये

(c) 500 करोड़ रुपये

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ राज्य में हरित अरावली विकास परियोजना के लिए 250 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है

♦अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट राजस्थान के उदयपुर ज़िले में सबसे ज़्यादा शामिल है. यह प्रोजेक्ट, अरावली पर्वत श्रृंखला के आस-पास के इलाकों को हरा-भरा बनाने का मकसद रखता है.

इस प्रोजेक्ट के तहत, पोरबंदर से पानीपत तक के लिए हरित पट्टी बनाने की योजना है.

♦अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास 1,400 किलोमीटर लंबी और 5 किलोमीटर चौड़ी एक हरित पट्टी (Green Belt) बनाना है, जो हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली राज्यों में फैली हुई है.

08.मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है?

(a) हरियाणा

(b) राजस्थान

(c) मध्यप्रदेश

(d) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

♦राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में 7 अप्रैल से मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना शुरू की गई है

♦ मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल है।

♦इसके तहत प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांक में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने वाली ग्राम पंचायत को 11 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

09. साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक चैंपियनशिप में किस राज्य की हिलांग याजिक ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2 पदक जीते हैं



(a) अरुणाचल प्रदेश

(b) सिक्किम

(c) मिजोरम

(d) इनमें से कोई नहीं

**Important Facts:**

♦साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक चैंपियनशिप में हिलांग याजिक ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीते दो पदक

♦अरुणाचल प्रदेश की हिलांग याजिक (Hillang Yajik) ने भूटान की राजधानी थिम्फू में 11 से 15 जून तक खेली गई 15वीं साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक चैंपियनशिप में एक गोल्ड और एक रजत पदक अपने नाम किया है।

♦इस उपलब्धि के साथ ही हिलांग याजिक इस प्रतिस्पर्धा में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वालीं अरुणाचल प्रदेश की पहली महिला फिजिक स्पोर्ट्स एथलीट बन गई हैं।

10. हाल ही में साइप्रस ने अपना सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से किसे नवाजा है ?

(a) एस जयशंकर

(b) नरेंद्र मोदी

(c) अमित शाह

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस ने अपना सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से नवाजा है.

♦23 वर्षों में साइप्रस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस के राष्ट्रपति, निकोस क्रिस्टोडोलाइड्स ने ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III से सम्मानित किया है.

♦ पीएम मोदी रविवार को इस भूमध्यसागरीय द्वीप देश पहुंचे हैं जहां राष्ट्रपति निकोस ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया.

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कब से शुरू होगा?**

(A) 24 जून से
(B) 29 जून से
(C) 30 जून से
(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine